# कैबिनेट मंत्री सुरेश रावत ने पुष्कर मेले की तैयारियों की बैठक ली

- जिला कलेक्टर सहित सभी विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया
- सभापति, उपसभापति सहित कुल 7 पार्षद पहुंचे बैठक में

**पुष्कर, (निसं)।** आगामी 2 नवंबर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त पुष्कर मेला 2024 का आगाज होने जा रहा है। मात्र 15 दिन बाद शुरू होने वाले पुष्कर मेले की तैयारियों के लेकर आज केबिनेट मंत्री और पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत की अध्यक्षता में स्थानीय सरोवर ट्यूरिस्ट बंगलो में एक बैठक आयोजित की गई जिसमे नगर परिषद सभापति कमल पाठक, जिला कलेक्टर लोक बंधु, एडीएम अजमेर, एडिशनल एस पी ठाामीण दीपक कुमार, उप सभापति शिव स्वरूप महर्षि सहित नगर परिषद, पशुपालन, ट्यूरिज्म, चिकित्सा, जलदाय, विद्युत, पी डबल्यू डी, एडीए अजमेर सहित अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में हर साल की तरह सभी विभागों के अधिकारियों ने वही पुराने कामों को गिनाते हुए इस बार भी उसी तर्ज पर करवाए जाने की बात कही और उन्हें मान ली गई। यही वजह रही की पुष्कर मेले को लेकर आयोजित हुई यह बैठक केवल औपचारिक बनकर रह गई।

नगर परिषद के 25 में से केवल 7 जनप्रतिनिधि ही पहुंचे बैठक में लेकिन किसी ने भी नही दिया कोई सुझाव: खास बात यह रही कि पुष्कर मेले को लेकर हुई इस अति महत्वपूर्ण बैठक में सभापति कमल पाठक, उप सभापति शिव स्वरूप महर्षि, पार्षद जय नारायण दग्धी, रोहन बोकोलिया, महेंद्र सिंह खंगारोत, धीरज जादम और शंभू चौहान मौजूद रहे। आपको बता दें कि पूर्व की पुष्कर पालिका में 25 में से केवल सात जनप्रतिनिधि ही इस बैठक में मौजूद रहे। लेकिन ताज्जुब की बात यह रही कि इनमे से एक भी जनप्रतिनिधि ने मेले को बेहतर बनाए जाने को लेकर एक भी सुझाव नही दिया। मुझे लगता है की शायद इनके पास पुष्कर विकास या मेले को लेकर ऐसी कोई ठोस कार्य योजना थी ही नहीं जिसे बैठक में रखकर मेला व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के सुझाव देते।

सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर और जगदीश कुर्डीया ने दिए कई सुझाव, बताई पुष्कर नगर की समस्याएं: इस बैठक में जहां सभी जनप्रतिनिधि तमाशबीन बने बैठे नजर आए तो वही दूसरी और सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर और जगदीश कुर्डीया ने ना सिर्फ मेले को बेहतर किए जाने को लेकर बकायदा लिखित में कई सुझाव दिए बल्कि पुष्कर नगर की टूटी हुई सड़को, ब्रम्हा मंदिर के बाहर हो रहे अतिक्रमण, मेले के दौरान मंदिर में उमड़ने वाली भीड़, बिजली की कटौती, पानी की अनियमित हो रही सप्लाई सहित रोडवेज बसों की कमी जैसी अन्य कई महत्वपूर्ण समस्याओं को उजागर करते हुए पुष्कर वासियों को हो रही परेशानियों से अवगत करवाया और उनके तुरंत समाधान किए जाने की मांग भी की।

बैठक में मौजूद ज्यादातर लोग रहे मोबाइल फोन में रील्स देखने में व्यस्त, महज खानापूर्ति बनी बैठक:बैठक के दौरान एक दिलचस्प नजारा और देखने को मिला। वहां मौजूद 90 फीसदी लोग केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए कुर्सियों पर बैठे नजर आए। उनमें से भी ज्यादातर लोग अपने अपने मोबाइल फोन में रील्स देखकर समय व्यतीत करते नजर आए। बैठक में केवल उन्हीं अधिकारियों ने अपनी बात रखी जिनका नाम पुकारा गया बाकी सभी लोग मूक दर्शक बने हुए बैठे रहे।

## स्काई क्लब रही विजेता

**अजमेर, (कासं)।** युवा साहू समाज की नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान के साथ हुआ। स्काई क्लब टीम विजेता रही। साहू समाज के संरक्षक कैलाश झालीवाल द्वारा विजेता टीम को घोषित ट्रॉफी व सात हजार सौ रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया।

कैलाश झालीवाल ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा को पहचानने और उसे विकसित करने के लिए ऐसे आयोजन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि साहू समाज के खिलाड़ी अजमेर जिले के साथ-साथ राजस्थान के खिलाड़ी रूप में भी नाम रोशन करे। प्रतियोगिता से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है, शारीरिक व मानसिक रूप से विकास होता है। समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

युवा साहू समाज अध्यक्ष राजा साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। दो टीम स्काई क्लब ओर हिन्दू फाइटर फाइनल में पहुंची, जिसमें स्काई टीम विजेता रही। हिंदू फाइटर टीम उपविजेता रही। विजेता टीम को ट्रॉफी व 71 सौ रुपए की ईनाम राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के बेस्ट बेट्स मेन राजकुमार साहू और बेस्ट बॉलर सूर्य मेहरानिया रहे। इस अवसर पर युवा साहू समाज के किशन गोपाल पंचोली, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल साहू बातरा आदि मौजूद रहे।

# खरीफ फसलों के दाने दाने की खरीद शुरु करने मांग

**अजमेर।** मूंग -बाजरा जैसी फसले सितंबर से ही मंडियों में आना आरंभ हो गई किंतु न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उनकी खरीद आरंभ नहीं होने से किसानों को अपना उत्पाद घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामों पर बेचने को विवश होना पड रहा है। जहां मूंग के बाजार भाव 4000 से 7000 प्रति क्विंटल रहे, वहीँ बाजरा का बाजार भाव 2100 से 2300 प्रति क्विंटल तक रहा, जबकि इनके घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमश: 8682 एवं 2625 प्रति क्विंटल है।

मूंग के संबंध में तो सरकार की ओर से कुल उत्पादन में से 75 उत्पाद को खरीद की परिधि से बाहर किया हुआ है। इसके संबंध में राज्य के कुल उत्पादन में से 25 से अधिक खरीद पर प्रतिबंध थोपा हुआ है। इसे हटाने के लिए भी देश के कृषि राज्य मंत्री एवं अजमेर लोकसभा के सांसद श्री भागीरथ चौधरी को निरंतर अनुनय विनय किया जा रहा है और इसी संबंध में 29 सितंबर को उनको सैकड़ो किसानों ने किशनगढ़ पहुंचकर ज्ञापन भी सौंप दिया था। इस प्रकार का प्रतिबन्ध अरहर, उड़द एवं मसूर पर तो इसी मार्च महीने में हटा लिया गया किंतु मूंग के संबंध में यह प्रतिबंध चालू रखकर भेदभाव किया हुआ है। दूसरी और पिछले वर्षों में एक दिन में खरीद की मात्रा 40 क्विंटल तक रखने का प्रावधान किया गया था किंतु इस वर्ष एक दिन में 25 क्विंटल खरीद की मात्रा का प्रावधान किया हुआ है।

किसानों की फसले बरसात के कारण पहले ही खराब हो चुकी, उनकी क्षितपूर्ति तो अभी दूर की कौडी बनी हुई है। जो उत्पाद तैयार हुआ है उसके घोषित न्यूनतम दाम से भी किसानों को वंचित किया जा रहा है। यह राम के साथ राज के रूठने का भी संकेत है। इससे किसान व्यथित हैं उस व्यथा को प्रकट करने के लिए आज का धरना अजमेर जिले के अध्यक्ष प्रहलाद खुराडिया की अध्यक्षता में रखा गया, जिसमें विशेष रूप से किसान महापंचायत के प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बेरवा भी उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त किसान महापंचायत के जिला उपाध्यक्ष सुगनाराम खोखर, लालाराम गशवा, राम रूप बटेश्वर, लक्ष्मण घासल, रामलाल जाखड़ ने भी धरने में भागीदारी निभाई।

धरनार्थियों का ज्ञापन जिला कलेक्टर की ओर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्राप्त किया, उस समय यह भी तथ्य प्रकट हुआ कि किसानों को आपदा राहत से सहायता देने के लिए गिरदावरी का काम अभी तक भी पूर्ण नहीं हुआ तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में क्लेम का आधार क्रॉप कटिंग का काम भी पूरा नहीं हो सका है।

## कवि सम्मेलन कल

**अजमेर, (कासं)।** "शरद पूनम के चंदा रो जन्म सफल भयो आज" शिरोमणी आचार्य विद्यासागर जी महाराज की दीक्षा स्थली अजमेर मे अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन 17 अक्टूबर 2024 को रात्रि आठ बजे कीर्ति स्तभं फव्वारा सर्किल के सामने सुभाष बाग रोड अजमेर मे आयोजित होगा।

### निविदा निरस्त सूचना

पूर्व में दिनांक 10 अक्टुंबर 2024 को विनोद मुकुट ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित नीलामी सुचना जो विनोदिलाल जी की बगीची, टाडगढ़ रोड, ब्यावर स्थित 13854 वर्ग मीटर भूमि की है। उक्त हेतु दिनांक 16 अक्टुंबर 2024 को होने वाली खुली नीलामी को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

द्वारा: सचिव: 9829019304

### आम सूचना

मेरे ससुर शमशेर खां पुत्र सुजात खां जाति मुसलमान निवासी व्यापारी मोहल्ला, कसाई मोहल्ला मदनगंज-किशनगढ़ का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 20 सितम्बर 1976 को हो गया, जिनका मृत्यु प्रणाम पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-कुलसुम बीबी<br>पत्नी मोहम्मद हनीफ

### नाम परिवर्तन

प्रमाणित किया जाता हैं कि रूद्रांश भारद्वाज पुत्र श्री मयंक भारद्वाज, जाति- ब्राह्मण, निवासी-6, धर्म-लक्ष्मी निवास, ज्ञानचन्द सिंहल नगर, अजमेर रोड, ब्यावर, जिला-ब्यावर (राजस्थान) का रहने वाला हूं तथा मेरा सही नाम रूद्रांश भारद्वाज पुत्र श्री मयंक भारद्वाज : (RUDRANSH BHARDWAJ S/O SHRI MAYANK BHARDWAJ) मेरे द्वारा अपना पासपोर्ट हेतु आवेदन करते समय अपने असल पासपोर्ट जिसका नम्बर N 1124426 दिनांकः 07-07-2015 हैं जिसमें मेरा संहवन से स्पिलिंग मिस्टेक से त्रुटिवश गलत नाम रूद्रांश भारद्वाज पुत्र मयंक भारद्वाज (RUDHRANSH BHARDWAJ S/o SHRI MAYANK BHARDWAJ) हैं। उक्त दोनों ही नाम एक व्यक्ति के हैं तथा मुझे ही उक्त नाम व उपनाम से जाना-पहचाना जाता है।

ब्यावर — प्रेषक<br>तारीखः 15-10-2024 — (रूद्रांश भारद्वाज)

### आम सूचना

मेरे पति श्यामलाल पुत्र श्री नन्दाराम जाति खटीक निवासी वैष्णव बस्ती, मकराना चोराहा मदनगंज-किशनगढ़ का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 4 जुलाई 2023 को हो गया, जिनका मृत्यु प्रणाम पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस में तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी- राजेश पत्नी<br>श्यामलाल खटीक

### आम सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रेम सिंह रावत पुत्र श्री प्रभु सिंह रावत, निवासी- तेजाजी का मौहल्ला, बुबानी, अजमेर द्वारा रतन पुत्र श्री भंवरलाल, निवासी कुमावत मौहल्ला, बुबानी, अजमेर द्वारा श्रीमती हीरी देवी पत्नी श्री छोटू, निवासी तेजाजी मौहल्ला, बुबानी, अजमेर से उनकी एक सम्पति जो कि श्रीमती हीरी को सोनी पुत्र स्व. श्री मोती की वसीयत दिनांक 02.04.1976 से प्राप्त हुई है, के खसरा नम्बर 1591 एंव वर्किंग खसरा नम्बर 1610 तथा 2585, 1591 (आधार खसरा नम्बर) का सम्पूर्ण हिस्सा तथा 2591 / 3375 एंव 2608 का 1/8 हिस्सा तथा 1610 के आधे हिस्से मे प्राप्त अधिकार को क्रय करने का इकरार किया गया है, उक्त सम्पति के खरीदने व बेचान बाबत किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था को कोई आपति है तो प्रकाशन के दिनांक से आगामी 7 दिवस में अपनी आपति दर्ज करवाये, अन्यथा उक्त अवधि निकलने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपति मान्य नहीं होगी।

भवदीय -कपिल रोहिल्ला एड्वोकेट

### आम सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रेम सिंह रावत पुत्र श्री प्रभु सिंह रावत, निवासी- तेजाजी का मौहल्ला, बुबानी, अजमेर द्वारा रतन पुत्र श्री भंवरलाल, निवासी कुमावत मौहल्ला, बुबानी, अजमेर से उनकी एक सम्पति जो कि रतन को भंवर पुत्र श्री किशना, निवासी ग्राम बुबानी की वसीयत दिनांक 23.06.1998 से प्राप्त हुई है, के खसरा नम्बर 1020, 1021, 1022 (वर्किंग खसरा) 1382/3438 एंव 1398 (आधार खसरा नम्बर) का सम्पूर्ण हिस्से का क्रय करने का इकरार किया गया है। उक्त सम्पति के खरीद व बेचान से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या समूह को कोई आपति है तो प्रकाशन के दिनांक से आगामी सात दिवस में अपनी आपति दर्ज करवाये अन्यथा उक्त अवधि निकलने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपति मान्य नहीं होगी।

भवदीय -कपिल रोहिल्ला एड्वोकेट

### सम्मन बनाम कायम मुकाम

(ऑर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)<br>अज अदालत अति.व.सि.न्या.एवं अप.मु.न्या.मजि. क्रम-09<br>मुकाम जयपुर महा. IInd, आमेर<br>श्रीमती मैम वगै. बाबत् इस्माईल वगै.<br>दावा बाबत निरस्त किये जाने विक्रय पत्र व हक त्याग<br>मुकद्दमा नम्बर CIS No. 28 सन् 2021

बनामः- मुसम्मी फरजाना खान पुत्री स्व. अ. सईद पत्नी मो. शकील कौम मुसलमान साकिन सेन्दरा रोड, ब्यावर, परगना जिला अजमेर (राज.) चूंकि वादिया ने इस अदालत में तारीख .... माह... सन् 199... को श्रीमती मेम व अन्य बनाम 2. इस्माईल व अन्य (अ. सईद) दायर को जो कि बाद में फोत हो गया। और चूंकि वादिया को मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी अ. सईद मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 3. कायम मुकाम बनाये जावें। लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जबावदेही 16 माह 10 सन् 2024 को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसल किया जावेगा। बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख .... माह... सन् को जारी किया गया।

मुहर — आज्ञा से<br>सहरिश्तेदार/ रीडर<br>अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं<br>अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्र.सं.- 09<br>जयपुर महानगर द्वितीय, मुख्यालय आमेर

# आवासीय पट्टे दिलवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**मसूदा, (निसं)।** कस्बे में मंगलवार को जिला गाड़िया लोहार समाज सुधार समिति ने मसूदा उपखंड अधिकारी एवं विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर वंचित परिवारों को आवासीय पट्टे दिलवाने की मांग की।

मसूदा क्षेत्र में करीब तीस चालीस गाड़िया लोहार परिवार को आवासीय पट्टे नहीं दिए जाने को लेकर मंगलवार को जिला गाड़िया लोहार समाज सुधार समिति के अध्यक्ष बाबू लाल चौहान के नेतृत्व में वंचित परिवार मसूदा उपखंड अधिकारी कार्यालय एवं पंचायत समिति कार्यालय पहुंचे जहां उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत एवं विकास अधिकारी शशि तंवर को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि शिक्षा एवं पंचायत राज्यमंत्री मदन दिलावर ने 2 अक्टूबर को भूमिहीन परिवारों को पट्टे वितरण अभियान चलाया था। जिसको लेकर विकास अधिकारी, सरपंच एवं पटवारी द्वारा ऐसे परिवारों को पट्टे देने को लेकर कोई रूचि नहीं लेने से मसूदा में करीब तीस से चालीस भूमिहीन घुमंतु गाडिया लोहार परिवारों को इस योजना से वंचित रहना पड़ा है। जिसको लेकर इन वंचित परिवारों को पट्टे दिलवाने को लेकर आवश्यक कारवाई करने एवं समय सीमा बढ़ाने एवं निश्चित तिथि तय कर सरकार से वंचित परिवारों को पट्टे दिलवाने की मांग की है।

## खंडस्तरीय जनसुवाई आज

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक के निर्देशानुसार उपभोक्ताओ की समस्याओं एवं परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए अधीक्षण अभियंता (पवस) अविविनिलि द्वारा खंडस्तर जनसुनवाई बुधवार को होगी। अधीक्षण अभियंता (पवस) दिनेश सिंह ने बताया कि अधिशाषी अभियंता (ग्रामीण) अविविनिलि अजमेर में प्रातः 10 दोपहर एक बजे तक आयोजित की जाएगी। जनसुनवाई में अधिशाषी अभियंता ग्रामीण के अधीनस्थ आने वाले उपखंड मदार, पुष्कर, सराधना, पीसांगन से संबंधित विद्युत उपभोक्ताओं, विद्युत सेवाओ से सम्बन्धित अपनी परिवेदना समस्याओं को अधिकारियों के रख सकते हैं।

# पीएम सूर्य घर योजना शिविर नसीराबाद में आज

- आवेदक मौके पर ही पंजीकरण करवा सोलर कनेक्शन ले सकेंगे

**अजमेर, (कासं)।** पीएम सूर्य घर योजना शिविर प्रबंध निदेशक अजमेर डिस्कॉम के निर्देशानुसार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए कार्यालय सहायक अभियंता (पवस) अविविनिलि नसीराबाद कार्यालय प्रांगण मे बुधवार को सुबह 11 से सांय 5 तक पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार- प्रसार व जागरूकता हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा।

सहायत अभियंता मनीष दत्ता ने बताया कि पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य देश में हरित ऊर्जा मिशन को बढ़ावा देकर पर्यावरण का संतुलन बनाये रखना है एंव नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतो को बढ़ावा देना है। सोलर कनेक्शन के लिए क्षेत्र की राष्ट्रीकृत बैंको द्वारा ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है एवं इस योजना के अर्न्तगत सोलर पैनल लगवाने पर उपभोक्ता को अधिकतम 78 हजार रूपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है।

उक्त शिविर में इच्छुक आवेदक मौके पर ही पंजीकरण करवा कर सोलर कनेक्शन ले सकेंगे। शिविर में राष्ट्रीयकृत बैंक के कर्मचारी भी उपस्थित रहेगें जिनके द्वारा सोलर प्लान्ट लगाने हेतु ऋण सम्बन्धी जानकारी प्रदान की जायेगी। क्षेत्र के सभी उपभोक्ता एवं जनप्रतिनिधि शिविर में पधार कर उक्त योजना में आवेदन कर पंजीकरण करवा सकते है तथा इस शिविर के माध्यम से योजना का लाभ लेने हेतु योजना से संबंधित समस्त जानकारी ले सकते है।

### उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

उप. मुख्य बिजली इंजी. (कारखाना), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिए गए कार्य के लिए दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **1.** निविदा संख्या : EL/50/08/2024-25 **2.** कार्य का नाम व स्थान : Ajmer - Upgradation of infrastructure facilities in STI Ajmer hostel for mechanical & electrical staff involved in maintenance of various rolling stock.**3.** अनुमानित लागत: रू. 2074098.06 **4.** बयाना राशि : रू. 41500.00 **5.** ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय -28-10-2024 at 15.00 Hrs. एवं ई- निविदा खोलने की तारीख एवं समय : 28-10-2024 at 15.30 Hrs. **6.** वेबसाइट का ब्यौरा, जहां से ई-निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in

1193-DR/24

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

## शिविर में 102 रोगी लाभान्वित

**बिजयनगर।** मंगलवार को होटल संचेती पैलेस मिल चौक बिजयनगर में श्री वर्धमान सेवा संस्थान बिजयनगर एवं कृष्ण गोपाल आयुर्वेदिक, औषधालय धर्मार्थ ट्रस्ट कालेड़ा कृष्ण गोपाल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। रोगियों को वैद्य अशोक कुमार शर्मा ने परामर्श करके उपचार किया तथा उप वैद्य लक्ष्मी नारायण सोनी तथा परिचारक सत्यनारायण भील ने औषधीया तैयार करके निःशुल्क वितरित की। शिविर में 102 रोगी लाभान्वित हुए। श्री वर्धमान सेवा संस्थान के पदाधिकारी अनिल संचेती, घेवरचंद धम्मानी, वृद्धि चंद पीपाड़ा, नोरत भंडारी, मुकेश बिलवाड़ीया, ताराचंद लुणावत, बिरदीचंद पीपाडा,. केसरिया ज्वेलर्स, दिलीप तलेसरा, वृद्धि चंद पीपाड़ा, ज्ञानचंद बडौ़ला, राकेश चोपड़ा, प्रिंस सुराणा, पंकज चोपड़ा, उमराव बीरानी व राजेंद्र भण्डारी सहित सदस्यों ने शिविर में सेवाएं प्रदान की। शिविर में आयुर्वेदिक काढ़ा तैयार करके सैकड़ो लोगों को पिलाया गया। शिविर समापन के समय वैद्य स्टाफ का वर्धमान सेवा संस्थान के द्वारा बहु मान किया गया।

# रेजीडेंट डॉक्टरों का आज से तीन घंटे कार्य बहिष्कार

- राज्य सरकार द्वारा मांगों पर ध्यान नहीं देने पर जताया रोष, कल से तीन घंटे प्रदर्शन

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के रेजीडेंट चिकित्सकों ने मंगलवार को सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे कार्य का बहिष्कार कर राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। रेजीडेंट डॉक्टरों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उनकी मांगों पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो बुधवार से कार्य बहिष्कार का समय दो के बजाय तीन घंटे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान इमरजेंसी सर्विस चालू रहेगी।

जेएलएन के रेजीडेंट डॉक्टर्स प्रतिनिधि डॉ दिलराज मीणा ने हॉस्पिटल के आउटडोर गेट पर एकत्र होकर अनेक साथियों के साथ प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार से 52 दिन पूर्व जो भी समझौता हुआ था राज्य सरकार ने अभी तक उनमें से किसी पर भी अमल नहीं किया है। पूर्व में हुई वार्ताओं पर भी कोई सकारात्मक परिणाम नहीं रहा। सरकार ने अभी वार्ता की कोई पहल भी नहीं की है। डॉ मीणा ने बताया कि चिकित्सकों की सुरक्षा, स्टाइफण्ड, तनख्वाह, साफ-सफाई, विभिन्न 12 विषयों में जेएस और एसएस की पोस्ट क्रिएट करने, चिकित्सकों से बोंड भरवाए जाने संबंधित विषयों पर निर्णय अपेक्षित हैं। सरकार ने पूर्व में जब समझौता किया था उसे आज तक लागू नहीं किया। प्रदेश के रेजीडेंट डॉक्टरों ने इस सरकार की वादा खिलाफी करार दिया है और आगे आंदोलन करने का निर्णय किया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ रेप और हत्या के मामले में भी वहां की ममता बनर्जी सरकार ने वादाखिलाफी की है। वहां के रेजीडेंट डॉक्टर न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं वे अपना समर्थन उन्हें व्यक्त कर रहे हैं। भविष्य में जब भी राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर कॉल होगा वे आंदोलन की राह पर होंगे। मंगलवार को चिकित्सकों की हड़ताल से मरीजों को सुबह काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अस्पताल में आउटडोर में रोगियों की लम्बी कतारे लग गई।

## मेघवंशी स्वागत

**बान्दनवाड़ा।** आज भिनाय बार एसोसिएशन द्वारा एडवोकेट रमेश मेघवंशी का बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर स्वागत सत्कार किया गया।भिनाय उपखण्ड के गुड्डा खुर्द निवासी एडवोकेट रमेश मेघवंशी बहुजन समाज पार्टी केकडी जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी।

आज बहुजन समाज पार्टी प्रदेश कार्यालय मे राज्य के कई जिलों के जिलाध्यक्ष क़ी घोषणा प्रदेश अध्यक्ष भगवान बाबा ने क़ी। केकड़ी जिलाध्यक्ष एडवोकेट रमेश चंद मेघवंशीगुड़ा खुर्द को नियुक्त किया गया। लम्बे समय से क्षेत्र मे सक्रिय है एडवोकेट रमेश मेघवंशी इस मोके पर प्रदेश प्रभारी हनुमान सिंह जगरवाल,बहुजन समाज पार्टी शाहपूरा रामदयाल आरटीया व केकड़ी जिले के बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे त जिलाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्त्ताओ ने हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी। एडवोकेट शिव प्रकाश जोशी, धर्मवीर भामनिया, देवकांत व्यास, शम्मी मोहम्मद, शिवचरण चौधरी, रमेश मेघवंशी, मोहम्मद युशुभ, गजानंद सिंह रावत, सिलेन्द्र कुमार शर्मा, राहुल आचार्य, प्रवीण प्रकाश भट्ट, इस्माइल मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# एक दर्जन आरोपी गिरफ्तार

**मसूदा, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को कारवाई करते हुए स्थाई वारंटी एवं शांति भंग करने के आरोप में एक दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया।मसूदा थानाधिकारी गणपतराम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जिला ब्यावर श्याम सिंह के निर्देशनानुसार व भुपेन्द्र शर्मा (आरपीएस)अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर एवं सज्जन सिंह (आरपीएस)वृत्ताधिकारी, वृत्त मसूदा के निकटतम सुपरविजन में पुलिस थाना मसूदा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना हाजा द्वारा एरिया डोमिनेशन मे कार्यवाही करते हुए स्थाई वारण्टी, शांति भंग करने सहित आबकारी एक्ट को लेकर पुलिस ने कारवाई करते हुए गिरफतार स्थायी वारण्टी व वारण्टी होने से सावरलाल गुर्जर निवासी सथालिया सतावडिया ,बिरमा गुर्जर निवासी सथालिया सतावडिया , रामलाल गुर्जर निवासी सतावडिया, प्रभु रावत निवासी दौलतपुरा दितीय, सुरज, श्रवणसिह निवासी श्यामपुरा वांरटी होने से गिरफ्तार किया। वहीं केसर सिंह निवासी ठााम बेगलियावास को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया। वहीं शांति भंग करने के आरोप महावीर सिह पुत्र उदयसिह रावत निवासी झुठा का बाडियासांवरसिह पुत्र उदयसिह रावत निवासी झुठा का बाडिया,अमरसिह पुत्र हीरासिह रावत निवासी झुठा का बाडिया, गजराज सिह पुत्र भीमसिह उम्र 30 साल जाति रावत निवासी झुठा का बाडिया पुलिस थानाएवं सीताराम पुत्र उदयसिह रावत निवासी झुठा का बाडिया को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

# 63 तहसीलदार के तबादले

**अजमेर, (कासं)।** राज्य सरकार ने उपचुनाव से पहले राजस्व मंडल में भारी फेरबदल किया है। लंबे समय से जमे तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के तबादले किए गए हैं। 70 तबादला सूची मंगलवार को जारी की गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को 70 तहसीलदार और नायब तहसीलदार के तबादला सूची जारी की है। राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने आदेश जारी किए हैं। तबादला सूची में 63 तहसीलदार और 7 नायब तहसीलदार है, जबकि पहले किए गए 3 तबादले भी निरस्त किए हैं।

### कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरिभाऊ उपाध्याय नगर योजना के आवासीय / व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 231 क्षेत्रफल 213.00 वर्गगज के आवंटी / अन्तरिति श्रीमती पुष्पा अग्रवाल पुत्री श्री कजोरी मल अग्रवाल निवासी 13/60 नहर मौहल्ला गंगाधर अजमेर की मृत्यु दिनांक 04/08/2012 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 02/07/2002) के आधार पर श्री अजय सिंह रावत के नाम किया गया था अजय सिंह रावत पुत्र किशन सिंह रावत निवासी क्वार्टर पी. एन. 14, ई.डी. ऑफिस के सामने, लोहाखान अजमेर ने अपनी इच्छानुसार अपनी पत्नी श्रीमती तुलसीबाई पत्नि श्री अजय सिंह रावत निवासी क्वार्टर पी. एन. 14 पुलिस लाईन अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत। गिफ्ट डीड (दिनांक 08/04/2024) के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

### कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कच्ची बस्ती नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 540 क्षेत्रफल 181 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री जेठमल पुत्र श्री घीसाराम निवासी भोपों का बाड़ा अजमेर की मृत्यु दिनांक 21/07/1989 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर के मृतक के वारिसों में क्रमशः गुलाब देवी पुत्री स्व. श्री जेठमल श्रीमती गीता देवी पुत्री स्व. श्री जेठमल निवासी (दोनों) अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्री अशोक कुमार पुत्र स्व. श्री जेठमल निवासी अजमेर को हक त्याग पत्र दिनांक 23/09/2016 के आधार पर मालिकाना हक दिया एवं अब अशोक कुमार ने श्रीमती गीता देवी पत्नि श्री धर्मेन्द्र रावत निवासी 536/51 पी. डब्ल्यू. डी. गोदाम के 7 पीछे, लोहाखान अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 23/09/2016 के आधार पर 135.20 वर्गगज का विक्रय कर दिया एवं अब श्रीमती गीता देवी पत्नि श्री धर्मेन्द्र रावत निवासी 536/51 पी. डब्ल्यू. डी. गोदाम के पीछे लोहाखान अजमेर ने नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

### कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

क्रमांक: LU2012/ADA/2024-25/101318 — दिनांक- 15/10/2024

लोक सूचना

श्री RAM RAY BAIRWA पुत्र श्री RAMESH CHAND BAIRWA जाति BALAI निवासी BAIRWA DHANI KIWADA, TONK ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | माकड़वाली, अजमेर (अजमेर) | RAM RAY BAIRWA | 1868 | 1900 | 0.19 |
| | | | | कुल | 0.19 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकान पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 15/10/2024 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

# हत्या के बीस दिन बाद भी पुलिस खुलासा करने में नाकाम !

- डीडवाना : लाडनूं उपखंड के बाकलिया में हुई हत्या का मामला

**डीडवाना।** जिले के लाडनूं उपखंड के बाकलिया गांव के पास 20 दिन पहले एक युवक की हत्या के मामले का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। हत्या के 20 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है और कोई भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हो सका है। इसे लेकर लाडनूं विधायक मुकेश भाकर की अगुवाई में मंगलवार को मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने डीडवाना में एसपी ऑफिस का घेराव किया और धरना देकर पुलिस प्रशासन की लचर कार्यशैली पर आक्रोश जताया।

इस मौके पर लाडनूं विधायक मुकेश भाकर ने कहा कि ओमप्रकाश सारण की हत्या को 20 दिन हो चुके हैं और अब तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। अब तक ना तो हत्यारे पकड़े गए हैं, ना ही परिजनों को भी अब तक किसी प्रकार के कोई मदद मिली है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में भी लाडनूं में तीन दिनों तक धरना दिया गया था, तब प्रशासन ने 15 दिनों के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक एक भी आरोपी नहीं पकड़ा जा सका है। इस दौरान मुकेश भाकर ने लाडनूं में कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए सीआई की नियुक्ति करने की मांग की। साथ ही हत्या के मामले की जांच टीम बदलकर एसपी के सुपरविजन में नई टीम बनाने ओर की जांच पूरी करने की मांग की। साथ ही विधायक ने चेतावनी दी कि अगर 15 दिनों के भीतर आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो सभी लोग मिलकर जयपुर कूच करेंगे और मुख्यमंत्री आवास का भी घेराव करेंगे।

इसके पश्चात एसपी के साथ विधायक की वार्ता हुई, जिसमें एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने आश्वासन दिया कि पुलिस पूरी मुस्तैदी और तत्परता से इस मामले की जांच में जुटी है। ब्लाइंड मर्डर होने के कारण मामले की अलग-अलग पहलुओं से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस दिशा में जांच बढ़ रही है। उससे उम्मीद है कि 15 दिनों के भीतर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। एसपी के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

## ठेका प्रथा के विरोध में प्रदर्शन

**अजमेर, (कासं)।** जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं सामूहिक चिकित्सालय संघ अजमेर के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम मीणा के अजमेर आगमन पर मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के नर्सिंग ऑफिसर व नर्सिंग स्टूडेंटस ने काली पट्टी बांधकर ठेका प्रथा के विरुद्ध विरोध दर्ज कराया। कलेक्टर लोक बंधु के माध्यम से चिकित्सा मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर ठेका प्रथा को प्रदेश में पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए आ ान किया। प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम मीना ने कहा कि उच्च कुशल और उच्च शिक्षित नर्सिंग छात्र-छात्राओं के साथ बहुत बड़ा कुठाराघात हो रहा है, क्योंकि नर्सिंग कार्य में अधिकतर महिला कार्मिक होती हैं, जिनका शोषण होने का बहुत बड़ी सम्भावना होती है। ज्ञापन में अजमेर के पूर्व जिलाध्यक्ष गंगा शरण जाटव साथ ही वरिष्ठ नर्सिंग कर्मी चेतन प्रकाश मीणा ने मांग की कि जो वर्तमान में प्लेसमेंट एजेंसी, ठेका प्रथा के माध्यम से लगे हुए है, उनका वेतनमान साढ़े सात हजार से बएक़र 37 हजार 800 रुपए किया जाए, साथ ही यूटीबी में क्रमोन्नत करने तथा एसआरएस रूल में शामिल करने सहित भविष्य में किसी भी प्रकार की नर्सिंग ऑफिसर ग्रेड द्वितीय की भर्ती ठेका प्रथा अथवा प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से नहीं किया जाए।

# खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**सरवाड़, (निसं)।** शहर स्थित पीएम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय विजयद्वार के तत्वावधान में 68 वीं जिला स्तरीय अंडर 11 वर्ष प्राथमिक विद्यालय स्तर छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना जरूरी है और हमेशा जीतने की भावना के साथ मैदान में उतरना चाहिए इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक केकड़ी गोविंद नारायण शर्मा ने की भाजपा मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल खींची भाजपा महामंत्री कुशल कुमार सोनी पार्षद उर्वशी जैन अजय पारीक पूर्व पालिकाध्यक्ष राधेश्याम पोरवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष नौरत माली पूर्व पार्षद मयंक मेवाड़ा व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भागचंद चांपा हनुमान शर्मा रामस्वरूप वैष्णव कमलेश कोमल विशिष्ट अतिथि रहे प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा करते हुए सभी टीमों के खिलाड़ियों को बधाई दी गई कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राधेश्याम पोरवाल भाजपा नेता ने अपने उदबोधन में कहा कि जीतना-हारना खेल का एक हिस्सा मात्र है परंतु खेल हमें स्वस्थ रखते हैं और अनुशासन में रहना सिखाते हैं वहीं शहर में जिला स्तरीय 11 वर्षीय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता में रोचक मुकाबले हुए वहीं विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मोहम्मद जावेद ने बताया कि खो-खो छात्र वर्ग में केकड़ी-सरवाड़ के मध्य मैच खेला गया जिसमें केकड़ी विजेता रही वहीं भिनाय-सावर में मैच खेला गया जिसमें सावर विजेता रही छात्रा वर्ग में भिनाय-केकड़ी में केकड़ी विजेता रही सरवाड़ - सावर में सावर विजेता रही एवं कबड्डी प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में केकड़ी-सरवाड़ में केकड़ी विजेता रही इसी प्रकार भिनाय- सावर मे सावर विजेता रही छात्रा वर्ग कबड्डी में भिनाय-केकड़ी में भिनाय विजेता रही एवं सरवाड़-सावर में सरवाड़ विजेता रही आज दिन भर रोचक मुकाबले हुऐ इस अवसर पर संयोजक व प्रधानाचार्य दीपक गौड एवं सरवाड़ उप प्रधानाचार्य दीपेश सिसोदिया ने मैचो मे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सभी निर्णायक बंधु ने सटीक निर्णय देते हुए टीमों को अगले दौर में पहुंचाया।

## शरद पूर्णिमा आज

**अजमेर, (कासं)।** अश्विन मास की शरद पूर्णिमा 16 अक्टूबर को मनाई जाएगी। लोग पूर्णिमा का व्रत करने के अलावा औषधीय महत्व के चलते खीर बनाकर चांदनी रात में रखेंगे।

### कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

क्रमांक- पसम/निविदा/2024/24185 — दिनांक-14-10-2024

सिमित निविदा सूचना

निम्नांकित संकमो सम्पादन हेतु पंचायत समिति मसूदा की निम्नांकित रजिस्टर्ड फर्मो से कार्यो के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू. (लाखों में) | धरोहर राशि रू. | फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की दिनांक समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सुरेश फोजी पुत्र कालू के मकान के पास जी०एल०आर० व पाईप लाईन कार्य श्यामगढ | 3.50 | 7000 | 22.10.2024 को प्रातः 12 बजे तक | 22.10.2024 को प्रातः 4.00 बजे |
| 2 | रामदेव मन्दिर के पास सार्वजनिक पुस्तकालय निर्माण कार्य निचला चौरसिया नयांगाव | 3.00 | 6000 | | |
| 3 | बचपडी नाले पर सुरक्षा दिवार कार्य | 3.00 | 6000 | | |
| 4 | उद्वा जी रावत के घर से नई आबादी की ओर सी०सी० ब्लॉक रोड मय नाली निर्माण देवमाली | 5.00 | 10000 | | |

नोट-
1. पंचायत समिति में निविदा फार्म शुल्क राशि 500/- जमा करा निविदा फार्म व्यक्तिशः रूप से उपस्थित होकर दिनांक 21.10.2024 को सायः 5.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

(मीनू कंवर)<br>प्रधान<br>पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

(शशि तंवर)<br>विकास अधिकारी<br>पंचायत समिति मसूदा (अजमेर)

